प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां तेज़ : पनकी पावर प्लांट और मेट्रो के दूसरे फेज समेत कई विकास परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई : केंद्र सरकार ने जवाब देने के लिए मांगा और समय।
3. सम्भल हिंसा मामले मं गठित न्यायिक आयोग के सामने आज पश हुए सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क : आयोग ने करीब 3 घंटे तक की पूछताछ।

और

4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की : कहा– प्रदेश के हर जनपद में बनाया जाये प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज़ कर दी हैं। इसी क्रम में कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपने प्रस्तावित दौरे पर जनसभा को

संबोधित करने के साथ ही पनकी पावर प्लांट और मेट्रो के दूसरे फेज समेत दो सौ से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसको लेकर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बाइट.....

*जनपद में शीघ्र ही माननीय प्रधानमंत्री जी का भी भ्रमण प्रस्तावित है और जो एक हमारी महत्वाकांक्षी योजना है कानपुर मेट्रो की जिसका एक फेज पहले इनॉगुरेट हो चुका है और उसी क्रम में जो कानपुर सेंट्रल से चंडीगंज का सेक्शन है उसका भी लोकार्पण होना है। उसके अलावा जो हमारा नेवेली पावर प्लांट है घाटमपुर में उसकी साढ़े छह सौ मेगावाट की यूनिट का लोकार्पण होना है और पनकी का भी और इसके अलावा भी करीब दो ढाई सौ ऐसी परियोजनाएं है जिसका शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है उसकी और समीक्षा की जा रही है।*

———————

सुप्रीम कोर्ट ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया। वहीं केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत द्वारा उठाए गए तीन बिंदुओं पर जवाब देने के लिए और समय मांगा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ अब इस मामले की सुनवाई कल करेगी।

———————

समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान बर्क आज लखनऊ में सम्भल हिंसा मामले मं गठित न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए। यह पेशी पिछले वर्ष नवंबर 2024 में

संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के सिलसिले में हो रही है। आयोग ने सपा सांसद से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की। उन्हें कल दोपहर 2 बजे फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ मं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जनपद में प्रदूषण नियंत्रण कार्यालय स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 ज़िलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित करने के साथ हर जनपद में एक–एक कार्यालय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दौर की पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए बोर्ड में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, है जाड़र्स वेस्ट, ई–वेस्ट और बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन सेल का गठन किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्योगों से संबंधित अनापत्ति आवेदन निस्तारण के समय को और कम करने की जरूरत पर बल दिया। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आज ग्रेटर नोएडा में चार दिवसीय दिल्ली स्प्रिंग मेला 2025 का शुभारंभ किया। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद की तरफ से आयोजित यह मेला इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट मे आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 3 हज़ार से अधिक

हस्तशिल्प उत्पादक और 110 देशों के खरीदार शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि देश के असंगठित हस्तशिल्प व्यापार को संगठित कर विदेशों तक पहुंचाया जाए। बाइट.....

*पैंतालीस हज़ार करोड़ का एक्सपोर्ट का मार्केट है लेकिन मुझे ये डोमेस्टिक मार्केट जो सेवेंटी फाइव बिलियन डॉलर का है इसको इंडस्ट्री के साथ जोड़ कर के इसे विदेशों तक पहुँचाना है।*

————————

प्रदेश में सीएनजी की कीमतों में एक रुपए प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हो गई है। बढ़ोतरी के बाद लखनऊ औऱ आगरा में सीएनजी के दाम 97.75 रुपये प्रति किलो हो गए हैं, जबकि सुल्तानपुर, उन्नाव और अयोध्या में सीएनजी की कीमत बढ़ोतरी के बाद 95 रुपये प्रति किलो हो गई है। नई कीमतें आज से लागू हो गई हैं।

————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 अप्रैल को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेलकूद महाकुंभ प्रतियोगिता 2025 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी आज भाजपा के लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने दी। उन्होंने कहा कि सांसद खेलकूद महाकुंभ के लिए लखनऊ को कई जोन में विभाजित किया गया है। जोन स्तर पर विजयी खिलाड़ी जिला स्तर पर अपनी किस्मत आजमाएंगे। सांसद खेल महाकुम्भ के लिये

जिलाधिकारी विशाख जी. ने सभी जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में आउट सोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त परिचालकों का अब पारस्परिक स्थानांतरण हो सकेगा। प्रदेश क परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह फैसला परिचालकों के हित में है और इससे आम जनता को भी सीधा लाभ मिलेगा। पेश है एक रिपोर्ट..

*परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था में परिचालकों को जहां नियुक्त किया जाता है, वहीं पर सेवा देनी होती है, लेकिन अब ऐसे परिचालक, जिन्होंने कम से कम छह माह की सेवा और 30,000 किलोमीटर की दूरी पूरी कर ली है, वे आपसी सहमति से स्थानांतरण करा सकेंगे। इस फैसले से दूरदराज के क्षेत्रों में तैनात परिचालकों को अपने गृह जनपद या उसके आसपास के ज़िलों में सेवा देने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी अनुपस्थिति और अवकाश लेने की प्रवृत्ति में कमी आएगी और बसों का संचालन सुगमता से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि परिचालकों की*

*नियमित उपलब्धता से कार्य दिवस बढ़ेंगे, बसों की संख्यामें इज़ाफा होगा और इसके परिणाम स्वरूप परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

प्रदेश का उद्यान विभाग बाराबंकी में इंडो–डच प्रोजेक्ट की स्थापना करने जा रहा है। यह प्रदेश में नीदरलैंड के सहयोग से स्थापित होने वाला पहला सेंटर आफ एक्सीलेंस होगा। प्रदेश के उद्यान, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में इंडो–डच प्रोजेक्ट की स्थापना को लेकर चर्चा की गई। यह महत्वाकांक्षी परियोजना बाराबंकी के त्रिवेदीगंज क्षेत्र के सोनिकपुर गांव में प्रस्तावित है जिसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

———————

प्रदेश की कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में आधुनिक छात्रावासों का निर्माण कराएगी। पूंजी निवेश के लिये राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत 8 छात्रावासों का निर्माण किया जाएगा जिनमें प्रत्येक छात्रावास में करीब 500 महिलाएं रह सकेंगी। इस परियोजना के लिए कुल 381 करोड़ 56 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

केंद्र सरकार ने इसके लिए 251 करोड़ रुपए से अधिक की पहली किस्त जारी कर दी है।

————————

वेव्स एक्स आर क्रिएटर हैकथॉन में विजेता पांच टीमों में प्रदेश की टीम ने भी जगह बनाई है। ई–कॉमर्स–रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में शामिल हुई टीम 'ईएमओ' ने अपने प्राजेक्ट 'हेवन एस्टेट' के लिए यह पुरस्कार जीता है। टीम के प्रतिभागी उत्कर्ष ने बताया कि केंद्र सरकार ने युवाओं को वेव्स जैसा वैश्विक मंच प्रदान करके अपनी प्रतिभा दर्शाने का एक बड़ा अवसर दिया है। बाइट.....

*जब अपॉर्च्युनिटी मिलती है इस तरीके की और हम उस अपॉर्च्युनिटी के लिए काम करते है और रिजल्ट भी मिलते हैं तो कॉन्फिडेंस बूस्ट करता है हमारा काम करेंगे तो हमें कुछ मिल सकता है। सरकार ने हमारे लिए अपॉर्च्युनिटी लाए उसका पुरे प्रोग्राम को आयोजित किया तो हम ऑफ कोर्स उसको बहुत एप्रिशिएट करते हैं।*

इन सभी विजेता टीमों को 1 से 4 मई तक मुंबई में होने वाले वव्स शिखर सम्मेलन में पुरस्कृत किया जाएगा।

————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों और अभिभावकों को फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहने की चेतावनी दी है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर छात्रों, अभिभावकों और आम जनता को सावधान किया है कि कुछ अज्ञात लोग फोन

कॉल या अन्य माध्यमों से वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में अंक बढ़ाने का प्रलोभन दे रहे हैं और इसके लिए पैसे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कि ऐसे फोन कॉल साइबर ठगों से सावधान रहे और ऐसे फोन कॉल्स की सूचना तत्काल अपने जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक को दें।

————————

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परकोटा के उत्तरी पश्चिमी कोण पर बनाये गये श्रीदुर्गा मंदिर के शिखर पर आज पूरे विधिविधान से कलश स्थापित किया गया। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट महामंत्री चंपत राय ने बताया कि सभी मंदिरों का निर्माण काम लगभग पूरा होने वाला है।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से हो रहा है। यह मैच नई दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है।

————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में कल से 19 अप्रैल तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। विभाग के मुताबिक अगले 4 दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)